# कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर

फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771--2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com


क्रमांक / ...446...../ न.पा.नि. / PMAY-HFA / 2025 रायपुर, दिनांक 22./04./2025

**"प्रतिक्षारत आवेदको को हितग्राही अंशदान की राशि जमा करने हेतु सूचना"**

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक ए.एच.पी. अंतर्गत विज्ञापन क्रमांक 08 / 2024 दिनांक 19 / 02 / 2024 जारी कर परियोजना 58 (609) के तहत् इन्द्रप्रस्थ रायपुरा में निर्मित 58 मकानों हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमे कुल 201 आवेदन प्राप्त हुए। पात्र / अपात्र आवेदकों की सूची, दिनांक 21 / 06 / 2024 को नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाईट में ऑनलाईन जारी कर दिनांक 08 / 07 / 2024 तक दावा आपत्ति (ऑनलाईन / आफलाईन) आमंत्रित की गयी थी। निर्धारित तिथि में प्राप्त दावा आपत्ति पर परीक्षण समिति द्वारा कुल 693 आवेदको में से 294 आवेदको को पात्र तथा 399 आवेदको को अपात्र किये जाने की अनुशंसा तथा अनुमोदन किया गया है। **विज्ञापित 58 नग आवास हेतु 294 आवेदक पात्र हुए, जिसमे से प्रथम 58 आवेदको एवं शेष प्रतीक्षारत आवेदको के क्रम निर्धारण हेतु नामजद लॉटरी दिनांक 18 / 07 / 2024 को किया गया है।**

उपरोक्त समस्त पात्र 58 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जमा करने हेतु पत्र क्रमांक / 2953 / न.पा.नि. / PMAY-HFA / 2024 दिनांक 18 / 07 / 2024 के माध्यम से सूचना जारी किया गया । तत्पश्चात अनांबटित आवासो हेतु प्रतीक्षारत सूची के आवेदको को प्रथम किश्त की राशि जमा कराये जाने हेतु पत्र के माध्यम से सूचना दी गई है। जिनमे से अब तक कुल 54 हितग्राहियो द्वारा प्रथम किश्त की राशि जमा की गयी। निर्धारित तिथि पश्चात शेष 04 आवासो हेतु प्रतीक्षारत सूची के आवेदको को प्रथम किश्त की राशि जमा कराये जाने हेतु अवसर प्रदान किया जाना है। वर्तमान स्थिति मे परियोजना 58 (609) के अंतर्गत 04 आवास आबंटन हेतु शेष है। उक्त आवास हेतु प्रतीक्षारत सूची के क्रमांक 198 से 201 तक के आवेदको को सूचित किया जाता है कि दिनांक 29.04.2025 तक आवास आवंटन हेतु नगर पालिक निगम, रायपुर के कक्ष क्र. 107 में उपस्थित होकर हितग्राही अंशदान जमा करना सुनिश्चित करें। हितग्राही द्वारा हितग्राही अंशदान की राशि जमा किये जाने के उपरांत ही लॉटरी के माध्यम से ब्लॉक एवं फ्लैट नम्बर प्रदान किया जावेगा।

उक्त विषय में अधिक जानकारी / पुछताछ / सहयोग / मार्ग--दर्शन हेतु निगम मुख्यालय के कक्ष क्र. 402 स्थित हेल्प डेस्क में उपस्थित होकर अथवा हेल्पलाईन नम्बर ✆ 477--53255 में संपर्क कर प्राप्त कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम, रायपुर

## विज्ञापन क्रमांक 08/2024 दिनांक 19/02/2024 में परियोजना 609/87 इन्द्रप्रस्थ रायपुरा हेतु 04 रिक्त आवास आबंटन हेतु प्रथम किश्त की राशि जमा किये जाने हेतु 04 प्रतीक्षारत आवेदक की सूची

| क्र. | आवेदन पत्र क्रमांक | आवेदक / आवेदिका का नाम | पिता / पति का नाम | लॉटरी क्रमांक | प्रतिक्षा क्रम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RMCAHP87609R-086260017 | SANJAY MUNGUTWAR | KRISHNA RAO | 198 | 140 |
| 2 | RMCAHP87609R-443143502 | NEETU KHATVANI | MANISH KUMAR KHATVANI | 199 | 141 |
| 3 | RMCAHP87609R-085105213 | USHA SAHU | NOKESHWAR SAHU | 200 | 142 |
| 4 | RMCAHP87609R-405751717 | BABITA YADAV | SANJAY YADAV | 201 | 143 |